कक्षा – आठवीं
विषय – हिन्दी रीडर

12/4/2021

Page No.___ Date ___/___/20___

पाठ 1 = ध्वनि

कविता से —:

प्र01 = कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?

उ0 = कवि को ऐसा विश्वास है कि अभी तो उन्हें देश के व्यक्तियों के मन में आशा रूपी ज्ञान का प्रकाश भरना है इसलिए उसका अंत अभी नहीं होगा।

प्र02 = फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन सा प्रयास करता है?

उ0 = फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि उन्हें कलियों की स्थिति से निकालकर खिले हुए फूल बनाना चाहता है। कवि का मानना है कि उसके जीवन में बसंत का आगमन हुआ है। वह कलियों को अपने कोमल हाथों के स्पर्श से खिला देंगे। वह फूलों की आँखों से आलस दूर करके उन्हें चुस्त व जागरूक करना चाहते हैं।

प्र03 = कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है?

उ0 = कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए उन पर हाथ फेरकर उन्हें जगाना चाहता है। उनका आलस्य दूर करके उनमें नवजीवन का संचार करना चाहता है जिससे वह समाज की भलाई कर सके।

कविता से आगे —:

प्र01 = बसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है? आपस में चर्चा कीजिए।

उ0 = बसंत को ऋतुराज ऋतुओं का राजा होने के कारण कहा जाता है। इस समय चारों ओर प्रकृति में पूरा यौवन छा जाता है। पेड़ों पर पत्ते और नये-2 फूल आ जाते हैं। आमों पर बौर तथा सरसों पर पीले फूल आ जाते हैं। खेतों में चारों ओर हरियाली दिखाई देती है।

Scanned with CamScanner

प्र०२ = बसंत ऋतु में आने वाले त्यौहारों के विषय में जानकारी एकत्र कीजिए और किसी एक त्यौहार पर निबंध लिखिए।

उ० = बसंत ऋतु में आने वाले त्योहार बसंत पंचमी और होली बैसाखी आदि हैं।

होली त्योहार का अपना एक विशेष स्थान है। इसके बारे में एक कथा प्रचलित है — भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद को उसकी बुआ होलिका उसे नष्ट करने के लिए होली में बैठ गई लेकिन उसकी बुआ जलकर राख हो गई और प्रहलाद बच गया तभी से यह होलिका दहन की प्रथा प्रचलित हुई। उसके दूसरे दिन फाग का त्योहार मनाया जाता है। लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का है। लोग रंग खेलने के बाद मिठाई, पकवान आदि खाते हैं और आपसी भेदभाव भूलाकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं।

प्र०3 — "ऋतु परिवर्तन का जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है" इस कथन की पुष्टि आप किन-किन बातों से कर सकते हैं? लिखिए।

उ० = ऋतु परिवर्तन का जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है — उसके खान-पान, उसके पहनावे, उस समय के त्योहार, उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव। अतः जैसी ऋतु होगी उपरोक्त बातें भी उसी के अनुसार होंगी।

Scanned with CamScanner